FA	2

राज्य स्तरीय आकलन

सत्र 2019–20

सुझावात्मक गतिविधियाँ

कक्षा : षष्ठी — **विषय : संस्कृतम्**

PAPER CODE : 6051 — **पूर्णांक : 10**

निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।

खण्ड 'अ' (अंक 05)

LO – LS - 613 – विभिन्न विषयों उद्देश्यों में लिए उचित व्याकरणिक तत्वों का उपयोग करते है।

गतिविधि 01 – दैनिक जीवनोपयोगी सामग्री का संस्कृत नाम

उद्देश्य – दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों के नाम संस्कृत में जानकर उनका वाक्यों में प्रयोग कर बोलना।

कौशल – वाचन

आवश्यक सामग्री – विभिन्न सामग्रियों का संकलन या चित्र

शिक्षक कार्य – शिक्षक सभी छात्र–छात्राओं को दैनिक जीवन में प्रयुक्त होने वाले सामग्रियों का संकलन या चित्र बनाकर लाने को कहते हैं। फिर उस चित्र या सामग्री के ऊपर तीन वाक्य बोलने को कहा जाता है।

आकलन प्रारूप

क्र.	विद्यार्थियों का नाम	चित्र सामग्री	सामग्रियों के संस्कृत नाम बोलने पर	वाक्य निर्माण	योग
		1	2	2	5

गतिविधि 02 – जिसने खोजा उसने पाया

उद्देश्य – सन्धि, समास शब्द–रूप, धातुरूप की पहचान करना।

अधिगम परिणाम – 613

आवश्यक सामग्री – 05 टोकरी (कण्डोलः), सन्धि, समास, शब्दरूप, धातुरूप के उदाहरणों से भरे हुए।

शिक्षक कार्य –

1. शिक्षक छात्र–छात्राओं को पाँच समूहों में बाटेंगे और एक विषय देंगे।
2. प्रत्येक समूह क्रमानुसार अलग–अलग टोकरी के पास जाकर अपने समूह को दिए गए विषय का उदाहरण टोकरी से निकाल सकते है।
3. प्रत्येक टोकरी से उदाहरण निकालने के लिए समय निर्धारित रहेगा। उसी अवधि में ही उदाहरण एकत्र करना है।

आकलनः– प्रत्येक टोकरी से सही उदाहरण पर 1 अंक

क्र.	समूह	विद्यार्थियों का नाम	टोकरी					योग
			1	2	3	4	5	

गतिविधि 03 – वाक्य निर्माणम्

उद्देश्य – शब्दरूपों का उचित प्रयोग कर वाक्य निर्माण।

कौशल – वाचन

आवश्यक सामग्री – श्यामपट (ब्लैक बोर्ड), सुधाखण्ड (चाक)

शिक्षक कार्य – शिक्षक श्यामपट पर विभिन्न शब्दों के शब्दरूपों को लिखेगा। छात्र–छात्राएं उन शब्दरूपों पर उचित क्रियापदों को जोड़कर वाक्यों का निर्माण करेंगे और उसे बोलेगें। इस प्रकार उसे 5 अवसर दिया जायेगा।

यथा – अहं, सः, त्वं, बालकः के साथ लिखामि, लिखति, लिखसि, पठति इत्यादि जोड़ना।

आकलन प्रारूप

क्र.	विद्यार्थियों का नाम	प्रत्येक सही वाक्य बोलने पर 1 अंक					योग
		1	2	3	4	5	

खण्ड 'ब' (अंक 05)

LO – LS - 610 विभिन्न विधाओं में लिखी गई साहित्यिक सामग्री को उपयुक्त उतार चढ़ाव के साथ पढ़ लिख पाते है।

गतिविधि 01 – पर्यायपदम्

उद्देश्य – पर्यायवाची पदों का ज्ञान

आवश्यक सामग्री – सार्थक शब्द लिखित पर्ची, टोकरी

शिक्षक कार्य – शिक्षक कुछ सार्थक शब्दों को लिखकर टोकरी में रखते है। प्रत्येक छात्र क्रमशः आकर पर्ची उठाता है और उसे पढ़ता है तथा उसका पर्यायवाची शब्द भी बोलता है। इस प्रकार प्रत्येक छात्र को 5 अवसर दिया जायेगा।

आकलन प्रारूप

क्र.	विद्यार्थियों का नाम	अवसर					योग
		1	2	3	4	5	

गतिविधि 02 – अनुच्छेद वाचन

उद्देश्य – शुद्ध वाचन कौशल का विकास करना।

कौशल – वाचन

आवश्यक सामग्री – पाठ्यपुस्तक/ श्यामपट, चाक

शिक्षक कार्य – शिक्षक छात्र–छात्राओं को अलग–अलग संस्कृत के अनुच्छेद पढ़ने के लिए देंगे।

आकलन – शिक्षक शुद्ध उच्चारण के आधार पर अंक प्रदान कर सकेगा।

गतिविधि 03 – वाचन कौशल

उद्देश्य – छात्र–छात्राओं की बोलने की कला का विकास।

अधिगम परिणाम – 610

कौशल – वाचन

शिक्षक कार्य – शिक्षक प्रत्येक छात्र–छात्राओं को किसी एक विषय पर संस्कृत में कहानी बोलने के लिए कहेंगे। इसी प्रकार सभी छात्र–छात्राओं को अवसर प्रदान किया जायेगा।

आकलन प्रारूप

क्र.	विद्यार्थी का नाम	02 उच्चारण	भाव 02 भंगिमा	01 निरन्तरता	योग 05

●●●